# नि :शुल्क बनना है आभा कार्ड, लेकिन नपा की आईडी टांगकर युवक-युवती प्रिंट के नाम पर वसूल रहे रुपये

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** देश, प्रदेश सहित जिले में आभा आईडी कार्ड बनाये जा रहे है और जिले में आभा आईडी कार्ड बनाने का कार्य प्रगतिरत है, लेकिन इन्हें बनाने के तौर तरीके पर सवालिया निशान खड़े होते दिख रहे है, जिसके चलते लोग संसशय की स्थिति में है। दरअसल सरकार द्वारा आभा आईडीकार्ड निशुल्क बनाये जा रहे है, लेकिन जिलामुख्याल पर आभा आईडी बनाने के नाम पर लोगों को प्रिंट देने के नाम पर बसूली की जा रहीं है। ऐसा एक मामला मंगलवार को वार्ड क्रमांक 16 स्थित एक आंगनवाड़ी केंद्र में देखने को मिला, जहां नपा का आईडी कार्ड टांगे एक युवक और युवती लोगों आभा आईडी कार्ड बनाकर देने 30-30 रूपये लेते नजर आये।

दरअसल आभा कार्ड भारत सरकार द्वारा शुरू की गई आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (ABDM) के तहत एक डिजिटल स्वास्थ्य खाता है, जो एक विशिष्ट 14-अंकीय स्वास्थ्य पहचान संख्या प्रदान करता



है। यह उपयोगकर्ताओं को अपने डॉक्टर के पर्चे, लैब रिपोर्ट और चिकित्सा इतिहास जैसे स्वास्थ्य रिकॉर्ड को डिजिटल रूप से संग्रहीत करने वाला है।

**प्रिंट के नाम पर ले रहे रूपये :**

सरकारों द्वारा समय-समय पर योजनाओं का लागू कर उनके नाम पर कार्ड बनाए जाते है, ये कार्ड डिजीटल होने की बजह से एमपी ऑनलाइन का काम करने वाले लोगों को रोजगार मिलता है। इसी तरह सरकार द्वारा आभा आईडी कार्ड बनवाये जा रहे है,जो जिला अस्पताल सहित आंगनवाड़ियों पर बनाये जा रहे। जिसके चलते क्षेत्र के लोग अपनी आभा आईडी बनवाने के लिए पहुंच रहे है, लेकिन यहां उन्हें असमंज की स्थिति का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि एक ओर इस आभा कार्ड को निशुल्क बनाने का प्रचार किया जा रहा है, तो वहीं इसे देने के नाम पर उनसे पैसे लिये जा रहे है। जब लोगों द्वारा उनसे जानकारी मांगी जा रहीं है कि यह पैसे क्यों लिये जा रहे है, तो उनके द्वारा बताया जा रहा है कि प्रिंट करके दे रहे है, इसलिए यह पैसे ले रहे है।

### पैसा कमाने के लिए सरकारी तंत्र का उपयोग

लोग पैसा कमाने के लिए तरह-तरह के जतन करते हुए नजर आते है और वह पैसा कमाने के लिए किसी भी हद तक चले जाते है। ऐसा ही एक नजारा मंगलवार को वार्ड क्रमांक 16 में स्थित आंगनवाड़ी केंद्र में देखने को मिला, जहां पैसा कमाने के लिए पूरे सरकारी तंत्र का उपयोग किया गया, या फिर दुरूपयोग यह भविष्य ही बतायेगा। दरअसल मंगलवार को उक्त आंगनवाड़ी केंद्र पर आभा कार्ड बनाने वालों की टीम पहुंची हुई थी, जिसमें एक युवक और युवती शामिल थे, जो अपने गले में नगरपालिका का आईडी कार्ड टांगे हुए थे और कार्यकर्ता के कहे अनुसार आभा आईडी बनाकर देने के पैसे ले रहे थे। वहीं टीम के गले में नगरपालिका कार्ड होने पर जब मुख्य नगरपालिका अधिकारी विनोद उन्नीतान से कार्ड के बारे में जानकारी ली गई, तो उनके द्वारा इस प्रकार का किसी भी तरह का कार्ड जारी न करने की बात कहीं। वहीं कार्ड को लेकर जब पार्षद राशिद खान चिन्ना से जानकारी ली गई तो उन्होंने बताया कि वार्ड में आभा कार्ड बनना था, जिसके चलते उन्होंने इन लोगों को काम पर लगाया था, जिससे लोगों को बिना परेशान हुए आभा आईडी आसानी से उपलब्ध हो जाए।

# दुष्कर्मियों की कोई न करे पैरवी

**राष्ट्रीय बजरंग दल ने ज्ञापन सौंपकर की मांग**

**अभिभाषक संघ के जिलाध्यक्ष बोले करेंगे कोशिश**



**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** राष्ट्रीय बजरंग दल द्वारा विगत दिवस हिंदू एडवोकेट फोरम के बैनर तले जिला अभिभाषक संघ अध्यक्ष चंद्रशेखर साहू से मुलाकात कर एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में संगठन ने निवेदन किया कि नईसराय थाना क्षेत्र के ग्राम उमरी में 10 वर्षीय मूक-बधिर बालिका के साथ हुए बलात्कार प्रकरण के आरोपियों की ओर से किसी भी अधिवक्ता द्वारा पैरवी न की जाए। तो वहीं बजरंग दल के पदाधिकारियों ने कहा कि यह घटना पूरे समाज को झकझोर देने वाली है और इसमें शामिल दोषियों को किसी भी प्रकार की कानूनी ढाल उपलब्ध न कराई जाए। संगठन ने जिला अधिवक्ता संघ से अपील की कि न्याय और पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए अधिवक्ता संघ स्पष्ट संकल्प ले तथा सुनिश्चित करे कि आरोपियों को जल्द से जल्द कठोरतम दंड मिले। इस अवसर पर अभिभाषक संघ अध्यक्ष चंद्रशेखर साहू ने संगठन की भावनाओं का समर्थन करते हुए कहा कि वे इस दिशा में पूरा प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि ऐसे जघन्य अपराध करने वालों को किसी भी प्रकार की शह नहीं मिलनी चाहिए। मैं व्यक्तिगत रूप से भी प्रयास करूंगा कि संघ के सदस्य अपनी आत्मा की आवाज को सुनें और आरोपियों की पैरवी से दूरी बनाएं। साथ ही न्यायालय में पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए प्रभावी पक्ष रखा जाए। ज्ञापन देने के दौरान संगठन अनिल अग्रवाल, हरिभजन सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## एक नजर में

### टॉप 50 में पहुंचे भारिल्ल



**अशोकनगर।** दुनियाभर में प्रतिष्ठित अदबी संस्थान अंदाज ए बयां और के टैलेंट हंट सीजन 3 में शायर सत्येंद्र भारिल्ल को, टॉप 50 फाइनलिस्ट में शामिल किया गया है। इस टेलेंट हंट में उर्दू - हिंदी के हजारों शायरों ने हिस्सेदारी की थी। शायर,पत्रकार भारिल्ल अब लखनऊ में होने वाले टेलेंट हंट के फाइनल राउंड में प्रस्तुति देंगे। जिसमें विजेता शायरों को अंदाज ए बयां और के प्रसिद्ध दुबई मुशायरे सहित अन्य आयोजनों में शिरकत करने का अवसर दिया जाएगा। गौरतलब है कि अशोकनगर में जन्मे भारिल्ल प्रदेश के ख्यात पत्रकार होने के साथ-साथ ही उर्दू-हिंदी शायरी में भी अपना अलग मुकाम बना रहे हैं। अंदाजे बयां और के इस राष्ट्र स्तरीय टेलेंट हंट के टॉप 50 फाइनलिस्टों में स्थान बनाने वाले वे क्षेत्र के पहले शायर हैं।

### बाईक से गिरकर महिला की मौत

**अशोकनगर।** जिले के पिपरई थाना क्षेत्र में एक 50 वर्षीय महिला बाईक से उछलकर गिर गई, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसे आनन फानन में उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां दौरान उपचार उसने दमतोड़ दिया। जानकारी के अनुसार आनंदपुर चक्क निवासी आराम बाई मंगलवार को वह अपने भाई रामसेवक अहिरवार के साथ माता पूजन के लिए बरखेड़ा गांव गई हुई थी। दोपहर के समय दोनों बाइक से अपने घर लौट रहे थे। इस दौरान गांव से कुछ दूर आगे एक ब्रेकर पर वह बाइक उछलकर गिर गई, जिससे महिला के सिर में कई गंभीर चोटे आई और सिर फट गया, जिसे परिजनों ने सिविल अस्पताल मुंगावली में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचारके बाद उच्च उपचार के लिए महिला को जिला चिकित्सालय रैफर कर दिया, जहां बुधवार की सुबह महिला ने दमतोड़ दिया। इस घटना के बाद पुलिस ने शव का पीएम कराकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया है, तो वहीं मर्गकायम कर जांच में लिया है।




### स्वच्छता परववाड़ा के तहत वितरित किए तीन सैकड़ा से अधिक पौधे

**अशोकनगर।** जिले के समीपस्थ ग्राम रावंसर में राज्य आनंद संस्थान का स्वच्छता एवं सेवा पखवाड़ा मनाया गया। जिसके चलते जहां मदिरों की साफ-सफाई की गई, तो वहीं यहां आने वाले श्रद्धालु को पौधे वितरित किए गए। राधेकृष्णा आनंद क्लब रांवसर के प्रेरक आनंदक बलवीर सिंह यादव ने बताया कि आनंद ग्राम रांवसर में आसमानी माता परिसर तथा हनुमान मंदिर में ग्रामवासियों को 350 पौधे नि : शुल्क भेंट कर सेवा पखवाड़ा मनाया गया। इस पखवाड़ा में नवदुर्गा महोत्सव के पूर्व गलियों में साफ-सफाई की गई। साथ ही ग्राम वासियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई।

# विजयदशमी पर 55 फीट ऊंचे रावण का होगा दहन

## दोपहर में श्री गया प्रसाद कलाकार मंडल द्वारा निकाला जाएगा विजय जुलूस

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व विजयदशमी आज गुरुवार को मनाया जाएगा। इस दौरान स्थानीय मोहरी पठार स्थित दशहरा मैदान नई कृषि उपज मंडी प्रांगण में 55 फीट ऊंचे रावण, 31 फुट ऊंचे कुंभकरण, 15 फीट ऊंचे मेघनाथ के पुतले का दहन किया जाएगा। जानकारी देते हुए श्री शक्ति राव देशराज सिंह दशहरा उत्सव समिति के उपाध्यक्ष डॉ हरवीर सिंह रघुवंशी ने बताया कि दशहरा उत्सव की तैयारी अंतिम दौर में है, इस बार दशहरा उत्सव में आतिशबाजी विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगी। इसके अलावा श्री गया प्रसाद कलाकार मंडल की रामलीला के कलाकारों द्वारा श्री राम- रावण युद्ध का दशहरा मैदान पर शानदार प्रदर्शन रहेगा। इसके पहले स्थानीय सुभाष गंज रामलीला मंच से दशहरा मैदान जाने भगवान श्री राम की सेना, लंकेश दशानन की सेना का जुलूस निकाला जाएगा, जो दोपहर करीब 3 बजे से प्रारंभ होगा। इस जुलूस में 15 फुट के मेघनाथ का पुतला शामिल होगा। यह जुलूस शाम करीब 5 बजे दशहरा मैदान पर पहुंचेगा। जहां श्री राम-रावण युद्ध,



आतिशबाजी का प्रदर्शन किया जाएगा। इसके अलावा मुख्य अतिथि सहित मंचासीन अतिथियों का स्वागत सम्मान, संबोधन, पूजन अर्चन, तत्पश्चात रावण, कुंभकरण, मेघनाथ के पुतलो का दहन किया जाएगा। समिति के अध्यक्ष डॉ जय मंडल सिंह यादव, सचिव कैलाश गुप्ता, उपाध्यक्ष डॉ हरवीर सिंह रघुवंशी, रंजीत यादव, कोषाध्यक्ष देवेंद्र अग्रवाल, संयुक्त सचिव तेजिन्दर खुराना, संयुक्त सचिव सौरभ गुप्ता, अंकित छाबड़ा, एडिटर गोपाल कौल ने, सभी धर्म प्रेमी बंधुओ से आग्रह किया है कि वह दशहरा मैदान पर पधार कर दशहरा उत्सव में शामिल हो।

**आतिशबाजी रहेगी आकर्षण का केंद्र :**

विजय दशमी के अवसर पर दशहरा समिति द्वारा विशेष व्यवस्थाएं की गई, जहां रावण के साथ उसके भाई कुंभकरण और पुत्र मेघनाथ के पुतले का दहन किया जावेगा। तो वहीं पुतला दहन से पूर्व आतिशबाजी का नजारा लोगों को देखने को मिला। आयोजन समिति के सदस्यों ने इस बार विशेष आतिशबाजी मंगवाई गई, जो लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र रहेगी। रावण दहन से पूर्व इन आतिशबाजियों का प्रदर्शन किया जावेगा। इसके बाद भगवान श्रीराम के हाथो रावण के पुतले का दहन किया जावेगा और उसके बाद कुंभकरण और मेघनाथ के पुतले जलाये जायेंगे।



# नपाध्यक्ष ने गंगा जल डालकर किया विसर्जन कुंड का शुद्धिकरण

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** 9 दिनों तक चले नवरात्रि पर्व के दौरान शहर भर में स्थापित मां दुर्गे की प्रतिमाओं का आज विधि-विधान से पूजन अर्चन हवन भंडारे के साथ,विसर्जन होगा। माता की प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए स्थानीय पछाड़ी खेड़ा तालाब स्थित विसर्जन कुंड का निर्माण नगर पालिका द्वारा कराया गया है। जिसकी अंतिम तैयारियों का जायजा लेने बुधवार को नपा अध्यक्ष नीरज मनोरिया वहां पहुंचे, तथा उन्होंने स्वयं गंगाजल डालकर कुंड का शुद्धिकरण किया। नपाध्यक्ष श्री मनोरिया ने कहा कि मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन पूर्ण श्रद्धा और आस्था के साथ शुद्ध एवं पवित्र जल में होना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विसर्जन के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो और समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इस दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारी विनोद उन्नीतान, पार्षद मौजूद थे।

# श्रद्धालुओं ने उतारी मां बीजासेन की आरती

**नवभारत न्यूज**

**शाढ़ौरा।** अस्तल मोहल्ला में माँ बीजासन मन्दिर में शारदीय नवरात्रि की सप्तमी को माँ बीजासन की महाआरती का आयोजन किया गया। जिसमें नगर के गणमान्य नागरिकजन ,पत्रकारगण, पार्षदगण एवं सेकड़ो की संख्या में महिलाओं व कन्याओ ने भाग लिया। इस महाआरती के भव्य आयोजन का शुभारंभ माँ बीजासन सदभावना समिति के संरक्षक बलकुराम नामदेव पूर्व प्रधानाध्यापक एवं समिति अध्यक्ष रेखा नामदेव एडवोकेट , व सदस्य शशिकांत नागोरिया एडवोकेट ,सदस्य जगदीश मोहन नामदेव शिक्षक , ने सभी धर्मप्रेमी भक्तजनो को तिलक वंदन कर , गमछा पहनाकर सम्मान किया। तत्पश्चात नो कन्याओ का पूजन समिति सदस्यों द्वारा किया गया फिर माँ



बीजासन की महाआरती सभी धर्मप्रेमी भक्तजनो द्वारा की गई ,इस मनोरम दृश्य की रौनक देखते ही बनती थी क्योकि माँ बीजासन प्रांगण में ही श्री हेमपालेश्वर महादेव मंदिर हैं व इसी प्रांगण में ब्रह्म गौड़ बाबा का स्थान हैं , यहाँ भक्तजन को सुखद अनुभूति होती हैं बुजुर्गजन का कहना हैं यह माँ बीजासन मन्दिर सैकड़ो वर्ष पुराना चैतन्य चमत्कारिक दिव्य स्थान हैं ,यह स्थान भक्तजनो की संतान से संबंधित कष्टो के निराकरण के लिए प्रसिद्ध हैं इस अवसर पर माँ बीजासन की आरती सैकड़ो नर नारी के बीच थाना प्रभारी ऋतु चौहान ,कन्याओं व जन प्रतिनिधियों ने उतारी ।

# भवन, भूखण्ड सहित उपभोक्ताओं की होगी KYC

**नपा की बैठक में कर्मचारियों को दी गई जानकारी**

**समग्र ई केवायसी के लिए घर- घर जाएंगे कर्मचारी**



**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** शासन द्वारा आधार और समग्र से सभी जरूरी चीजों को लिंक करने का कार्य निरंतर किया जा रहा है। इसी कड़ी में अब नगर पालिका क्षेत्र में स्थित समस्त भवन, भूखंडों एवं सभी जलकर उपभोक्ताओं को भी समग्र एवं आधार से लिंक करने का कार्य नगर पालिका द्वारा किया जाएगा। शासन निर्देशानुसार ऐसी सभी संपत्तियां एवं नल कनेक्शन समग्र और आधार से लिंक किए जाना है। इसके लिए नगर पालिका कार्यालय में बैठक आयोजित कर कर्मचारियों को इसकी जानकारी दी गई। जिसमें अलग-अलग वार्डो के लिए नगर पालिका कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। जिसके चलते कर्मचारी घर-घर पहुंचकर सभी भवन मालिकों एवं जलकर उपभोक्ताओं से समग्र एवं आधार नंबर लेते हुए उन्हें लिंक करके ई-केवाईसी करेंगे। ये निर्देश सीएमओ विनोद उन्नीतान के द्वारा दिए गए। नगर पालिका की ओर से राजस्व शाखा लिपिक शिवांग त्रिपाठी के द्वारा सभी कर्मचारियों को मोबाइल के माध्यम से उक्त कार्य किए जाने की जानकारी दी गई। साथ ही सीएमओ विनोद उन्नीतान के द्वारा बकाया करों की वसूली में भी प्रगति लाने के निर्देश दिए गए । साथ ही नगर पालिका द्वारा मुनादी के माध्यम से भी लोगों को इसकी जानकारी दी जा रही है एवं अपील की जा रही है कि सभी भवन मालिक एवं जलकर उपभोक्ता अपने आधार एवं समग्र नंबर नगर पालिका कार्यालय में जमा करावे अथवा घर पर पहुंच रहे कर्मचारियों को उपलब्ध कर करावे।

## पुष्पांजलि

### पूर्व केंद्रीय मंत्री माधवराव सिंधिया की पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि सभा और फल वितरण कार्यक्रम संपन्न

# माधवराव की पुण्यतिथि पर 25 कार्यकर्ताओ ने भरा अंगदान का संकल्प पत्र

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** कैलाशवासी महाराज श्रीमंत माधवराव सिंधिया की पुण्यतिथि पर मंगलवार को जिले में मानवता और समाजसेवा की मिसाल देखने को मिली। इस अवसर पर 25 कार्यकर्ताओं ने अंगदान संकल्प पत्र भरकर सिविल सर्जन, जिला अस्पताल को सौंपे। यह पहल समाज के लिए प्रेरणा का संदेश लेकर आई। इस कार्यक्रम की शुरुआत तुलसी सरोवर स्थित कै. माधवराव सिंधिया जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन करके की गई। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने अंगदान का संकल्प लेकर जरूरतमंदों को नई जिंदगी देने का प्रण लिया। इस अवसर पर पूर्व विधायक जजपाल सिंह जज्जी ने कहा कि अंगदान से किसी की बुझती जिंदगी में नई रोशनी जगाई जा सकती है। बड़े महाराज साहब का जीवन हमेशा समाज सेवा और



जनकल्याण को समर्पित रहा। आज हम उसी परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं। वही कार्यक्रम के चलते गरीब वस्तियों में जाकर फल वितरित किए गए, तो वहीं आंवरी मंदिर परिसर में कन्या पूजन किया गया।

**इन कार्यकर्ताओं ने किया अंगदान संकल्प:**

कार्यक्रम में पूर्व विधायक जजपाल सिंह जज्जी - किडनी एवं लीवर, चंद्रजीत सिंह बबलू धतुरिया ने किडनी एवं दिल, धर्मेंद्र रघुवंशी खैजरा ने आंखें एवं लीवर, उपेंद्र पाराशर - दिल, सुनील रघुवंशी - आंखें, जिला मंत्री लखन रघुवंशी - आंखें, हरिओम नायक - हार्ट, प्रदीप पाल - आंखें, पार्षद योगेश खैरा - आंखें, गोपाल - आंखें, नरेश यादव - आंखें, लखन शर्मा - किडनी एवं आंखें, शैलेंद्र त्रिपाठी - लीवर, आलोक शर्मा - किडनी एवं लीवर, पूर्व भाजपा जिला महामंत्री नंदलाल यादव - आंखें, पार्षद आशुतोष देवलिया - आंखें, दिनेश रघुवंशी - आंखें, श्याम बाबू रघुवंशी - आंखें, जिला कोषाध्यक्ष मनोज जैन (रन्नोद) - आंखें, मंटू यादव - आंखें,माधव राज यादव - किडनी एवं लीवर,रामहरि शर्मा - आंखें,पूर्व भाजपा जिला मंत्री मनोज शर्मा - आंखें, राकेश रजक - आंखें, मोहर सिंह पाल - दिल देने का संकल्प पत्र सिविल सर्जन डॉ. भूपेंद्र सिंह और आरएमओ डॉ. बीएल टैगोर को सौंपे गए।

# भगवान का मनाया गया मोक्षकल्याणक

**शीतलनाथ भगवान को चढ़ाया निर्वाण लाडू**

**सभी जिनालयों में हुआ महामस्तकाभिषेक**



**नवभारत न्यूज**

**मुंगावली।** शीतलनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक श्रद्धालुओं ने मंगलवार को बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया और भगवान को निर्वाण लाडू समर्पित किए गए। सुबह से ही नगर के सभी जिनालयों पर प्रभु का अभिषेक, शांतिधारा के साथ विशेष पूजन की गई और शीतलनाथ भगवान का निर्वाण लाडू चढ़ाया गया। वही नगर के शीतलनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में सामूहिक रूप से भगवान का महा मस्तकाभिषेक का आयोजन किया गया । जिसमें नगर के सभी जिनालयों के पुजारी शामिल हुए, यह आयोजन नगर गौरव ब्रह्मचारी मोनू भैया मंगल निर्देशन में आयोजित किया गया। प्रथम शांतिधारा करने का सौभाग्य सुनील कुमार सुकांत सराफ को मिला, तो वहीं दूसरी ओर देवेंद्र कुमार ब्रह्मचारी मोनू भैया चौधरी को मिला। इस मौके पर बड़े ही उत्साह के साथ जैन श्रद्धालुओं द्वारा शीतलनाथ भगवान का विधान का आयोजन भी किया और सभी श्रद्धालुओं ने प्रभु चरणों में अर्घ समर्पित किए नगर के स्टेशन रोड स्थित श्री चंद्र प्रभु जिनालय पर भी निर्वाण लाडू समर्पित किए गए।